Website : www.fgc.edu.in E-mail : ferozegandhicollege@yahoo.in

FEROZE GANDHI COLLEGE

Kutchery Road, Rae Bareli - 229001 (U.P.)

(A Post-graduate College associated with the University of Lucknow)

NAAC Accreditation Grade 'A'

दिनांकः 25.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति

फीरोज़ गांधी कालेज, रायबरेली में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रवेश की तिथि 15 जुलाई तक बढाई गई

रायबरेली। शहर के सबसे प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थान फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक/परास्नातक प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। महाविद्यालय में बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. की 1260 सीटों एवं एम.ए., एम.एससी., एम.काम. की 650 सीटों की उपलब्धता के साथ, प्रथम सेमेस्टर में निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से सीधे प्रवेश हो रहे हैं। अगर किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में कोई दिक्कत आ रही है तो उसकी सहायता के लिए महाविद्यालय के कैंटीन के पास में निःशुल्क हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरकर, प्रवेश शुल्क जमा करने एवं प्रवेश प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 15 जुलाई, 2026 तक विस्तारित कर दी गई है।

फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली, वर्ष 1960 में स्थापित, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदानित, लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त बहु–संकाय, स्नातकोत्तर महाविद्यालय है। महाविद्यालय यू०जी०सी० – नैक से द्वितीय मूल्यांकन चक्र में "ए" ग्रेड प्राप्त कर चुका है तथा यह उच्च शिक्षा की सेवाओं को प्रदान करने में गुणवत्ता प्रबंधन एवं पर्यावरण की गुणवत्ता प्रबंधन के मानकों का पालन करने हेतु आई०एस०ओ० प्रमाणपत्र प्राप्त संस्था है।

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना' के अन्तर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत 50 प्रतिशत से अधिक पात्र विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष रू0 1.75 करोड़ से अधिक की सहायता छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाती है। महाविद्यालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर किन्तु मेधावी 400 विद्यार्थियों को प्रति छात्र रू0 1500/– की अतिरिक्त सहायता विद्यार्थी कल्याण कोष से प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डिजीशक्ति योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को टेबलेट प्रदान किया जाता है।

महाविद्यालय विद्युत आपूर्ति की अबाध सुबोध हेतु 25 किलोवाट के सोलर पावर पैनल एवं 82.5 केवीए क्षमता के आधुनिक ग्रीन डीजल जनरेटर सेट से युक्त है। महाविद्यालय में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सुविधा प्रदान करने हेतु आर०ओ० एवं वाटर कूलर से युक्त कई वाटर पॉइंट उपलब्ध हैं।

महाविद्यालय में 4 संकायों के 16 विभागों में बी.ए., बी.एससी., बी.काम., एम.ए., एम.एससी., एम,काम. एवं बी.एड. में पूर्णतः अनुदानित अध्ययन कार्यक्रम हेतु 30 से अधिक अध्ययन कक्ष एवं लेक्चर थियेटर हैं। 400 मीटर का 6 लेन का स्पोंटस ग्राउण्ड, टेबिल टेनिस हाल, बैडमिंटन हाल जैसी क्रीड़ा सुविधायें तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास के लिए एन.सी.सी., रोवर्स एवं रेंजर्स तथा सांस्कृतिक क्लब जैसे सह पाठ्येत्तर अध्ययन कार्यक्रम चलते हैं। महाविद्यालय का पुस्तकालय शोध पत्रिकाओं, संदर्भ ग्रंथों व अध्ययन सामग्री से लैस है। विज्ञान संकाय के अंतर्गत भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभागों में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय का कैम्पस पूरी तरह से स्वच्छ एवं हरा भरा है।

महाविद्यालय प्रशासन ने छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सीधे प्रवेश प्राप्त कर लें तथा संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षिक एवं सह–पाठ्यचर्या सुविधाओं का लाभ उठाएं।

25/6/26

(प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य